र प्रदेश राज्य औद्योगिक
ास निगम लिमिटेड

upsidc

यूपीएसआईडीसी काम्पलेक्स
ए–1/4, लखनपुर,
पोस्ट बाक्स नं0 1050,
कानपुर–208 024
दूरभाष : 2582851–53
फैक्स : (0512) 2580797
वेबसाईट : www.upsidc.com
ई मेल : feedback@upsidc.com

Reconstitution

न्दर्भ सं0 /एसआईडीसी/आईए/एचओ/ दिनांक

–: कार्यालय आदेश :–

निगम के निदेशक मण्ड़ल की 282वीं बैठक में निगम द्वारा व्यवसायिक, होटल, मल्टीप्लेक्स, ग्रुप हाउसिंग आदि के भूखण्डों के आवंटन के पश्चात विकासकर्ताओं के स्वामित्व में परिवर्तन होने के कारण नये साझीदारों/अंशधारकों/निदेशकों को मान्यता प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में निम्न निर्णय पारित किया गया है–

1. विकासकर्ता द्वारा कम्पलीशन से पूर्व स्वामित्व में बहुतायत परिवर्तन/हस्तान्तरण होने की दशा में पूर्ण भूखण्ड पर वर्तमान दर का 15 प्रतिशत हस्तान्तरण लेवी के भुगतान पर मान्यता प्रदान की जाएगी।
2. औद्योगिक क्षेत्रों के औद्योगिक भूखण्डों के अनुरुप ही बिल्डर्स/विकासकर्ता द्वारा आवंटित भूखण्ड पर निर्माण कार्य पूर्ण करके कम्पलीशन प्रमाण पत्र ले लिया गया हो तथा मूल आवंटी विकासकर्ता के स्वामित्व में बहुतायत परिवर्तन होने की दशा में वर्तमान प्रीमियम दर का 5 प्रतिशत हस्तान्तरण लेवी के भुगतान पर मान्यता प्रदान की जाएगी।
3. यदि विकासकर्ता द्वारा निर्माण कार्य पूर्ण करके कम्पलिशन प्रमाण पत्र प्राप्त कर लिया गया है तो प्रस्तावित निर्मित दुकानों/आफिसों में से कुछ दुकान/आफिस की बिक्री होने के पश्चात मूल आवंटी के स्वामित्व में बहुतायत में परिवर्तन होता है तो शेष अबिक्रीत दुकानो/आफिसों के अनुपातिक क्षेत्रफल पर वर्तमान प्रीमियम दर का 5 प्रतिशत के अनुपातिक आधार पर हस्तान्तरण लेवी पर क्रेता विकासकर्ता को मान्यता प्रदान की जाएं, किन्तु हस्तान्तरी विकासकर्ता द्वारा एकल आवंटी (end users) के स्वामित्व हस्तान्तरण के समय हस्तान्तरण शुल्क आदि निगम की आपरेटिग मैनुअल की धारा 11.02 के प्रचलित प्रावधानो के अर्न्तगत ही अनुमन्य होगें

उपरोक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

(मनोज सिंह)
प्रबन्ध निदेशक

संख्या 1951–54 एसआईडीसी–आईए–पालिसी वाल्यूम–16 दिनांक 21.11.2013

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. स्टाफ आफीसर प्र0 निदेशक/स0 प्रबन्ध निदेशक कैम्प, उ0प्र0रा0औ0वि0नि0लि0, मुख्यालय, कानपुर।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, उ0प्र0रा0औ0वि0नि0लि0, मुख्यालय, कानपुर।
3. समस्त क्षेत्रीय प्रबन्धक/परियोजना अधिकारी/क्षेत्र प्रबन्धक, उ0प्र0रा0औ0वि0नि0लि0,
4. समस्त अधिकारी/कर्मचारी, उ0प्र0रा0औ0वि0नि0लि0, औद्योगिक क्षेत्र अनुभाग, मुख्यालय, कानपुर।

(मनोज सिंह)
प्रबन्ध निदेशक

Scanned with CamScanner